# क्या आपका मन आपके वश में है?

अर्जुन ने गीता के अन्दर भगवान से यही सवाल किया कि हे प्रभु अध्यात्म क्या है? और भगवान ने उसके जवाब में यही कहा कि अध्यात्म माना माया के आधिपत्य से निकल करके आत्मा के आधिपत्य को प्राप्त करना अर्थात् आज जो मनुष्य माया की अधीनता को स्वीकार कर चुका है और उस माया की अधीनता के आधार पर जीवन जी रहा है। उसके बदले आत्मा के आधिपत्य में, यानी एक स्वराज्य अधिकारी बनना, अपने कर्मेन्द्रिय के ऊपर राज्यअधिकार को प्राप्त करना। मालिक बनकर इन कर्मेन्द्रियों को चलाना, इसी का नाम अध्यात्म है। और पूछा ये कैसे होगा? तो कहा कि अध्ययन द्वारा। तो आध्यात्मिकता का मतलब क्या है अध्ययन द्वारा आत्मा अपने आधिपत्य को प्राप्त करके माया के आधिपत्य से निकल जाती है। इसी का नाम अध्यात्म है।

तो इसीलिए आज हम इसी अध्यात्म को यथार्थ रूप से जानेंगे, समझेंगे कि हम अपने कर्मेन्द्रिय के जो अधीन हो गये हैं उस कर्मेन्द्रिय के ऊपर अधिकार कैसे प्राप्त कर सकते हैं, अर्थात् जितेन्द्रिय होने का श्रेष्ठ मार्ग 'राजयोग' ये आध्यात्मिकता हमें सिखाती है। और जिसने कर्मेन्द्रिय के ऊपर अधिकार प्राप्त कर लिया वही अपने मन के ऊपर भी सहज प्राप्त करता है।

वरना आज के मनुष्य की शिकायत है कि मन बहुत भटकता है, बहुत विचलित है।



ब्र.कु. उषा, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

मन को वश कैसे करें? मन हमें बहुत भटका रहा है। मन कहाँ भटकाता है? इन्द्रियों के पीछे। तो जिसने इन्द्रियों के ऊपर अधिकार प्राप्त किया वो मन के ऊपर भी सहज अधिकार प्राप्त कर सकता है। और तब कहा जाता मन जीते जगत जीत। जिसने मन को जीता उसने जगत जीत लिया। तो राजाओं का राजा अर्थात् सबसे पहले इन्द्रियों पर राज्य प्राप्त करना। और इन्द्रियों के ऊपर राज्य प्राप्त करके मन के ऊपर भी अधिकार प्राप्त करना ये है राजयोग। तो आज आध्यात्मिकता की आवश्यकता जीवन के अन्दर युवा अवस्था से ही है और जितना जल्दी इसका अभ्यास हम करने लगते हैं उतना जल्दी हम अपने जीवन को एक दिशा देकर चल सकते हैं। और तब हम अपने जीवन का रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में ले सकते हैं। नहीं तो परिस्थितियों के हाथ में हमारे जीवन का रिमोट कंट्रोल होगा। समस्याओं के हाथ में हमारे जीवन का रिमोट कंट्रोल होगा। तनाव के हाथ में हमारे जीवन का रिमोट कंट्रोल होगा, जो हर घड़ी हमें परेशानियों का अनुभव कराता हुआ, हर संघर्ष में हार का अनुभव कराता हुआ डिप्रेशन का शिकार बना देगा।

तो हमें इसीलिए ये रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में ले लेना है। आध्यात्मिकता की ओर कदम बढ़ाने से ही हम ये रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में लें। और जितना जल्दी ले लेंगे ना उतना जल्दी जीवन सुन्दर हो जायेगा।



चुनार-उ.प्र.। भाजपा जन विश्वास रैली के अंतर्गत चुनार पंडरी बाज़ार में आने पर रीता बहुगुणा जोशी, प्रयागराज सांसद, विनोद सोनकर, कौशांबी सांसद, रमाशंकर सिंह पटेल, विद्युत मंत्री एवं विधायक, श्रीमति सुचिस्मिता मौर्या, मझवा विधायक, बृजभूषण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष, राजेश सोनकर, मण्डल अध्यक्ष आदि गणमान्य लोगों को ईश्वरीय सौगात भेंट करने के पश्चात् उपस्थित हैं वाराणसी सेवाकेन्द्र की ब्र.कु. तारा बहन।



धमतरी-छ.ग.। 'अलविदा तनाव शिविर' के पाँचवें दिन दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. पूनम दीदी, डॉ. रमेश खंडेलवाल, श्रीमति भारती खंडेलवाल, अजय पारेख, घनश्याम गोयल, अनिल अग्रवाल, डीगेश सिन्हा, सोनी समाज अध्यक्ष मनोज सोनी तथा रत्नाबांधा सरपंच शंकर लाल नेताम।

## पत्रकारों के लिए स्नेह मिलन समारोह



छतरपुर-म.प्र.। बीजावर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र में नगर के मीडिया कर्मियों के लिए स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार बागरी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने कहा कि समाज के निर्माणकर्ता हम सभी हैं। हम अच्छे होंगे तो समाज को अच्छा बनने की प्रेरणा दे सकेंगे। नितिन तिवारी, दैनिक भास्कर न्यूज़ ने कहा कि पूरी समर्पणता के साथ कार्य कैसे किया जाता है वह ब्रह्माकुमारी बहनों से सीखें। पत्रकार अरविंद अग्रवाल, दैनिक भास्कर ने कहा कि यहाँ आकर अच्छी अनुभूति हुई। पत्रकार प्रकाश भट्ट, दैनिक जनहित दर्शन ने कहा कि पत्रकार कभी शांति से नहीं बैठते, आज पहली बार दो घंटे शांति से बैठे हैं। स्थानीय सेवाकेन्द्र की ब्र.कु. रचना बहन ने संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था 140 देशों में विशाल वटवृक्ष की तरह फैली हुई है। हरपालपुर सेवाकेन्द्र से आईं ब्र.कु. पूनम बहन ने कहा कि मीडिया समाज और अध्यात्म का माध्यम बन सकता है जिससे समाज में एक नई ऊर्जा लाई जा सकती है। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रीति बहन ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि हमारी सच्ची आइडेंटिटी माना मैं आत्मा परमात्मा की संतान हूँ। इसी के साथ उन्होंने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. शिल्पा बहन ने किया एवं साथ ही श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए संकल्प भी कराया। कार्यक्रम में पत्रकार शशिकांत द्विवेदी, आईएनडी 24 न्यूज़ चैनल सहित कई मीडिया कर्मी शामिल हुए।



बहादुरगढ़-हरियाणा। नव वर्ष के उपलक्ष्य में एसडीएम भूपेंद्र सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अंजली दीदी। साथ हैं अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



ब्रह्मणपल्ली-तेलंगाना। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय किसान दिवस पर ओरवाकल्लु मंडल में आयोजित कार्यक्रम में सत्तर किसान भाई, ग्राम सरपंच, ब्र.कु. राधाकृष्णा, ब्र.कु. प्रदीप भाई तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



आगरा-सिकंदरा(उ.प्र.)। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप खरे को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सरिता बहन। साथ हैं ब्र.कु. मधु बहन।




फतेहपुर-उ.प्र.। दैनिक जागरण के मंच पर ब्र.कु. नीरू दीदी को उनके सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करते हुए डी.एम. अपूर्वा दुबे तथा एस.एस.पी. राजेश सिंह।



राँची-हरमू रोड(झारखण्ड)। ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेन्द्र की पूर्व संचालिका ब्र.कु. वीणा बहन के स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला दीदी, सी.ए. विष्णु गोयनका तथा सी.ए. अंजिला गोयनका।


ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....

कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510

सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,

Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 200 रुपये, तीन वर्ष 600 रुपये, कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

For Online Transfer

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on E-Mail -omshanti-media.acct@bkivv.org or
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087



ALL-IN-ONE QR
Paytm
Accepted Here
Wallet KYC NOT Required
Scan & Pay using Paytm App
Wallet or Bank A/c
Any Debit or Credit Card
Paytm Postpaid
BHIM UPI